प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है– हरिभाउ किसनराव बागड़े राजस्थान के नये राज्यपाल होंगे–ओम माथुर सिक्किम के राज्यपाल नियुक्त।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा। कार्यक्रम को लेकर लोगों में उल्लास।
- प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां जारी–हाडौती क्षेत्र में भारी वर्षा से नदी–नालों में उफान।
- पेरिस ओलम्पिक में भारतीय एथलीटों ने किया शानदार आगाज–महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मनु भाकर फाइनल मे। हॉकी में भारत की विजयी शुरूआत।

..................

महाराष्ट्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हरिभाउ किसनराव बागड़े प्रदेश के नये राज्यपाल नियुक्त किये गये है। वे कलराज मिश्र की जगह लेंगे। श्री मिश्र का कार्यकाल इसी महीने पूरा हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बागड़े सहित विभिन्न राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम और पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। असम के मौजूदा राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ का प्रशासक नियुक्त किया गया है, जबकि सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। त्रिपुरा के पूर्व उप मुख्यमंत्री जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना के राज्यपाल होंगे। असम से पूर्व लोकसभा सांसद रामेन डेका को छत्तीसगढ और कर्नाटक के पूर्व मंत्री सी. एच. विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल बनाया गया है। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल होंगे। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के. कैलाशनाथन को पुद्दुचेरी का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। नई नियुक्तियाँ कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। इस बीच पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने इस्तीफा दे दिया हैं, जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के नवनियुक्त राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागडे की नियुक्ति पर प्रसन्नता जताते हुए शुभकामनाएं दी है। श्री शर्मा ने उम्मीद जताई कि नव नियुक्त राज्यपाल बागडे के सानिध्य और मार्गदर्शन में राजस्थान विकसित प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होगा।

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने विचार साझा करेंगे। रेडियो के इस मासिक कार्यक्रम की ये एक सौ बारहवीं कड़ी होगी। प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार पदभार संभालने के बाद मन की बात का यह दूसरा प्रसारण होगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और एआईआर मोबाइल ऐप पर भी उपलब्ध होगा। इसे आकाशवाणी के यू–ट्यूब, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय से सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम सुनने को लेकर प्रदेशवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा की ओर से कार्यक्रम के सामूहिक प्रसारण की व्यवस्था की गई है। विभिन्न संस्थाओं और संगठनों की ओर से भी प्रधानमंत्री को सुनने के लिए कार्यक्रम रखे गये है। सरहदी जिले जैसलमेर में जिला भाजपा ने विशेष व्यवस्था की है। वहां मन की बात कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण भी रखा गया है।

..................

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे। श्री मोदी ने बैठक में शामिल मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों से कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक का उद्देश्य राज्यों में योजनाओं की समीक्षा करना और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी पहलों का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करना है।

...................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान सरकार ने विकसित भारत की तर्ज पर वर्ष 2047 का रोड़ मेप तैयार किया है और विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए दस संकल्प लिये हैं। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9 वीं बैठक में शामिल हुए श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इन संकल्पों को समय पर पूरा किया जायेगा। उन्होंने विकसित राजस्थान का रोड मैप काउंसिल के सामने रखते हुए कहा कि इसमें मुख्य तौर पर आगामी 5 सालों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने, बुनियादी सुविधाओं और मानव संसाधनों का विकास करना, किसानों का सशक्तिकरण, एमएसएमई को प्रोत्साहन देना तथा विरासत संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण घटकों को शामिल किया गया है।

...................

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जोधपुर में ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर का दौरा किया और हस्तशिल्पियों तथा प्रशिक्षुओं से संवाद किया। कार्यक्रम का आयोजन वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास आयुक्त की ओर से किया गया। केंद्रीय मंत्री ने हैंडीक्राफ्ट और जोधपुर को एक दूसरे का पर्यायवाची बताते हुए कहा कि हस्तशिल्प के क्षेत्र में कारीगरों की आय और रोजगार में बढ़ोतरी के लिए नए डिजाइन, तकनीक और कारीगरों की दक्षता जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कलाओं का सजीव प्रदर्शन भी किया गया। बाद में वस्त्र मंत्री जोधपुर के ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर में निर्यातक सदस्यों से मिले और उनसे इस क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की।

...................

प्रदेश में मॉनसून सकिय बने रहने से बारिश की गतिविधियां जारी है। बीते 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों के साथ दक्षिणी भागों में भी कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। हाडोती क्षेत्र के जिलों में बीते दो दिनों से हो रही बारिश का दौर आज भी बना हुआ है। कोटा में कल हुई मध्यम से भारी बारिश से पार्वती, चंबल और काली सिंध नदियों में उफान आ गया। जल स्तर बढने से कोटा का मध्यप्रदेश से संपर्क कट गया है।

...................

बारां में दिनभर बारिश के बाद पार्वती नदी में उफान आने से हनोतिया गांव टापू बन गया। जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को भेज ग्रामीणों का रेस्क्यू कराया।
भीलवाडा में भी कल हुई मूसलाधार से जलस्त्रोतों में पानी की आवक बढ गई। जिले का प्रसिद्ध मेनाल जल प्रपात पूरे वेग से बहने लगा है। धौलपुर में जिला प्रशासन ने चंबल नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया है। कोटा बैराज से पानी की निकासी के बाद क्षेत्र में जलस्तर बढने की संभावना है। पाली में भी कल कई स्थानों पर अच्छी वर्षा हुई। हनुमानढ़ में भी हुई बारिश से खरीफ फसलों को फायदा पहुंचा है। भरतपुर में देर रात तक बारिश का दौर बना रहा। वहां निचले इलाकों में इकट्ठा पानी को निकालने के लिए पंपसेट लगाये गये है। इधर राजधानी जयपुर सहित पूर्वी जिलों में भी कल देर रात तक रूक–रूक कर बारिश का दौर बना रहा। मौसम विभाग ने आज पूर्वी भागों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने दौसा, कोटा, सवाईमाधोपुर, जयपुर, टोंक, करौली, अलवर, बूंदी, भरतपुर, बारां और नागौर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर, हनुमानगढ़ तथा शेखावाटी क्षेत्र के जिलों सहित राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट दिया गया है।

...................

पेरिस ओलम्पिक के पहले दिन कल भारतीय एथलीटों ने शानदार शुरुआत की। महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मनु भाकर फाइनल मे पहुंच गईं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पूल–बी के अपने पहले मैच में कल न्यूजीलैंड को तीन–दो से हरा दिया। पैनल्टी–स्ट्रोक में निर्णायक गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। बैडमिंटन में पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रेंकी रेड्डी ने पहले ग्रुप मैच में फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लैबर की जोड़ी को हरा दिया। प्रतियोगिता के पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने पांच बार के ओलम्पिक विजेता ग्वाटेमाला के केविन कोर्डन को मात दी। टेबिल टेनिस में पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड में हरमीत देसाई ने जॉर्डन के जैद आबो यमन को हरा दिया। नौकायन में पुरुष सिंगल में बलराज पंवार चौथा स्थान लेकर अगले चरण में प्रवेश कर गए हैं। महिलाओं की मुक्केबाजी स्पर्धा में, प्रीति पवार अगले दौर में पहुंच गई हैं।

...................